जनपद एवं सत्र न्यायालय, शामली

कार्यालय विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या–14/Admin-(D) Section, दिनांकित 15.10.2022 के अनुक्रम में विभिन्न जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों में से निम्नांकित प्रतिबंधों के अधीन पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है–

1–उक्त सेवानिवृत्त जिला न्यायालय के कर्मचारीगण की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2–एतदद्वारा पुनर्नियुक्ति किसी रिक्त पद पर एक बार में एक वर्ष तक के लिए की जा सकेगी, अथवा जब तक कि वास्तविक रिक्ति को भरने के लिए, पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से, रिक्ति पूर्तित न हो जाये, अथवा पुनर्नियुक्त कर्मचारी 65 वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले, जो भी पहले होगा।

3–उक्त पुनर्नियुक्त पद पर परिलब्धियों के रूप में भुगतान की गई राशि अंतिम आहरित वेतन के मूलधन में से पेंशन की राशि को घटाकर होगी।

4–उक्त पुनर्नियुक्ति का निर्धारण आवेदक/सेवानिवृत्त कर्मचारी के भूतकाल के सेवा अभिलेखों एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों के आधार पर किया जायेगा, जिनकी छायाप्रतियां आवेदकगण अपने आवेदननपत्र के साथ प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 08.11.2024 की सांय 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, शामली से किसी भी कार्यदिवस में कार्यावधि के दौरान प्राप्त कर सकते है।

Sr. No.	Post Name	Vacancy
1	Head Assistant	6
2	Senior Assistant	39
3	Junior Assistant	8
4	Paid Apprentices	1
5	Stenographer Grade-III	3
6	Orderly/Peon/Office Peon/Farrash	2
7	Sweeper-cum-farrach (Fixed pay 6000)	3

उक्त कार्यालय विज्ञप्ति समस्त न्यायालयों कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये एवं जनपद न्यायालय, शामली की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड करायी जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, शामली को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

अध्यक्ष,
चयन समिति
जनपद न्यायालय,
शामली

Copy to the System Assistant, Judgeship for uploading this on Judgeship website

P.O.

I/c AO
09.10.2024

जनपद न्यायालय, शामली में रिक्त विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु जनपद न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवेदन पत्र

नाम कर्मचारी – ....

नवीनतम
पासपोर्ट
साइज
फोटोग्राफ

पिता का नाम – ....

स्थानीय आवास का पता – ....

मोबाइल नं0 एवं ईमेल आईडी., यदि कोई हो

स्थायी आवास का पता – ....

पद एवं जनपद न्यायालय का नाम, जहां से जिस पद से सेवानिवृत्त हुए है। – ....

यदि आपके विरूद्ध कोई अभियोग, अथवा अन्य कोई गैर न्यायिक जांच लंबित है, तो विवरण अंकित करें – ....

अन्य कोई विवरण – ....

दिनांक –

हस्ताक्षर, आवेदक कर्मचारी